>

Title: Need for increase in salary of daily wage workers in Andaman and Nicobar Island Administation.

**श्री कुलदीप राय शर्मा (अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह):** सभापति जी, अंडमान और निकोबार एडमिनिस्ट्रेशन में जो अलग-अलग डिपार्टमेंट्स हैं, उनके अंदर करीब 7 हजार युवकों को डेली मजदूरी की नौकरी मिली है । ये लोग रेगुलर सरकारी कर्मचारियों जितना काम करते हैं । इनकी पेमेंट कम होने की वजह से सितम्बर, 2017 में अंडमान और निकोबार एडमिनिस्ट्रेशन ने पालिसी निकाली कि इन्हें 130वें पे स्ट्रक्चर में लाया जाए और इनकी तनख्वाह बढ़ाई गई । इनमें से सिर्फ 4000 लोगों की तनख्वाह बढ़ी है । मेरा आग्रह है कि बाकी बचे हुए लोगों की तनख्वाह 130वें पे स्ट्रक्चर के हिसाब से बढ़ाई जाए ।

मेरी दूसरी रिक्वेस्ट है कि वर्ष 1993 में भारत सरकार ने पॉलिसी बनाई थी कि जितने भी डीआरएम काम करते थे, उन्हें टेम्परेरी स्टेटस मजदूर का स्टेटस दिया गया था और सबको रेगुलर किया गया था । मेरी मांग है कि इन सात हजार लोगों को 1993 में टीएसएम बनाया गया, बाकी लोगों को टीएसएम बनाया जाए ताकि इनकी तनख्वाह बढ़ जाए और इनकी नौकरी भी सेव हो जाए ।